

**श्रद्धा**
गीता जयंती पर विशेष क्यों बांची गई गीता



**देश-देशांतर**
जनरल दीपक कपूर को मिलेगा नेपाल का सर्वोच्च सम्मान



**स्पोर्ट्स**
भज्जी बोले, टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी नहीं है मोटेरा की पिच


# अमर उजाला

शनिवार
देहरादून
2 जनवरी, 2010

● आगरा ● बरेली ● मेरठ ● मुरादाबाद ● कानपुर ● देहरादून ● इलाहाबाद ● झांसी ● चंडीगढ़ ● वाराणसी ● जालंधर ● नई दिल्ली ● नैनीताल ● जम्मू ● धर्मशाला ● अलीगढ़ ● गोरखपुर ● लखनऊ

visit us on www.amarujala.com

नगर संस्करण वर्ष 13 अंक 309 पृष्ठ 18 मूल्य : तीन रुपये









**कुंभ** 12 दिन शेष

1915 के कुंभ में बापू भी आए थे
हरिद्वार : पेज 11 ▸▸

## झलक

### गुलदार ने किशोर को मारा

**श्रीनगर।** नए साल के पहले दिन आठवीं कक्षा के छात्र राहुल को गुलदार ने मार डाला। शुक्रवार सुबह सवा दस बजे हुई घटना से क्षेत्रवासी दहशत में है। लोगों ने गुलदार को आदमखोर घोषित कर मारने की मांग की है। बडियारगढ़ क्षेत्र के तल्ली रिगोली का 17 वर्षीय राहुल कमरगढ़ छानी के जंगल में मां के साथ लकड़ी इकट्ठा करने गया था। राहुल नीचे खड़ा था। इसी बीच गुलदार ने राहुल पर हमला बोल दिया।

### पर्यटक वीजा की शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को पांच देशों के लिए आगमन पर पर्यटक वीजा की शुरूआत की। इन देशों में जापान, न्यूजीलैंड, फिनलैंड, लक्जमबर्ग, और सिंगापुर शामिल हैं। इससे उन पर्यटकों को सुविधा मिलेगी, जो बहुत कम समय के लिए भारत आने की योजना बनाते हैं। विदेश मंत्रालय से जारी बयान में कहा गया है कि यह योजना एक साल तक के लिए शुरू की गई है।


**भीतर**
भारतीय मूल के वैज्ञानिक को कनाडा का शीर्ष सम्मान -पेज 2
पाक में आत्मघाती हमला 95 की मौत, 83 घायल -पेज 2


-18°
लद्दाख
-0.2°
अमृतसर
2.9°
रुड़की
04°
देहरादून

## कोहरे के बीच गंगा स्नान

अमर उजाला



शुक्रवार को दिन में घने कोहरे के बीच हरकी पैड़ी का नजारा। इस दौरान चंद्रग्रहण स्नान करते श्रद्धालु।

कंधार अपहरण मामले के वार्ताकार एके डोवाल का खुलासा

# ...तो सिर्फ एक आतंकी रिहा होता

**नई दिल्ली।** कंधार विमान अपहरण मामले में भारत के मुख्य वार्ताकार एके डोवाल का कहना है कि सरकार तथा अपहृत यात्रियों के दबाव के चलते ही वार्ताकार, अपहर्ताओं को सिर्फ एक आतंकी की रिहाई की मांग पर लाने में विफल रहे। खुफिया एजेंसी 'आईबी' के पूर्व अधिकारी डोवाल ने कहा कि यदि वार्ताकारों को कुछ और समय दिया जाता तो अपहर्ताओं को केवल एक आतंकी की रिहाई की मांग पर राजी किया जा सकता था। गौरतलब है कि वर्ष 1999 में अपहृत भारतीय विमान के यात्रियों की एवज में देश को तीन खूंखार आतंकियों को रिहा करना पड़ा था।

**वार्ता**



- कहा, सरकार और यात्रियों के रिश्तेदार बना रहे थे दबाव
- 31 दिसंबर तक मामले का हर हाल में चाहते थे समाधान

**इन्हें करना पड़ा था रिहा**
मौलाना मसूद अजहर
मुश्ताक अहमद जरगर
अहमद उमर सईद शेख

**अब बचे हैं केवल 12 घंटे**

बकौल डोवाल, सरकार दबाव बना रही थी कि अर्द्धरात्रि में नई सहस्राब्दि की शुरुआत से पहले ही यात्रियों को सुरक्षित रिहा करा लिया जाए। 64 वर्षीय डोवाल ने कहा, दबाव कुछ ऐसा था कि 'अब आपके पास सिर्फ 12 घंटे बचे हैं'....यह दबाव लोगों और यात्रियों के रिश्तेदारों की ओर से था। सरकार हमें इसकी जानकारी दे रही थी। हमसे कहा जा रहा था कि लोग बेचैन हो रहे हैं।

**समझौते में लगे थे सात दिन**

यात्रियों की सुरक्षित रिहाई के लिए खुफिया एजेंसियां, आतंकियों के साथ सात दिन तक समझौते के प्रयास में लगी रहीं। आखिरकार तीन खूंखार आतंकियों मौलाना मसूद अजहर, मुश्ताक अहमद जरगर और अहमद उमर सईद शेख को 149 यात्रियों और चालक दल के 15 सदस्यों की जान बचाने के लिए छोड़ना पड़ा। वर्ष 2001 में संसद पर हमले सहित देश में हुए कई आतंकी हमलों से इन तीनों आतंकियों का संबंध रहा। डोवाल ने कहा, 'यदि सरकार दबाव में नहीं होती, तो हम रिहा किए गए आतंकियों की संख्या दो या एक तक ला सकते थे। हमने अवसर गंवा दिया।' **एजेंसी**

## ठंड ने कंपकंपाया लोग घरों में दुबके

**देहरादून/हरिद्वार/उत्तरकाशी।** नया साल उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में कोहरा और कड़ाके की ठंड लेकर आया है। कश्मीर घाटी और हिमाचल के कई इलाकों में बर्फबारी ने ठंड को और बढ़ा दिया है। राजधानी देहरादून में अचानक चली तेज सर्द हवाओं ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। दिन में दून के अलावा हरिद्वार, रुड़की को भी कोहरे ने अपने आगोश में ले लिया। जौलीग्रांट से मिली खबर के मुताबिक घने कोहरे के कारण शुक्रवार शाम को यहां आने वाली फ्लाइट दिल्ली से ही रद कर दी गई। सुबह की फ्लाइट तय समय पर आई। कोटद्वार में भी नए साल की सुबह कोहरे में लिपटी रही। हालांकि पहाड़ के अधिकांश इलाकों में स्थितियां थोड़ी अलग हैं। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली आदि जिलों में सुबह-शाम तो कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है, लेकिन दिन में चटख धूप खिली रही। कुमाऊं के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के बावजूद वातावरण में गलन बनी रही। पिथौरागढ़ का न्यूनतम तापमान बृहस्पतिवार के 1.7 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर 2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। कुमाऊं में आसमान में बादल छाए रहने और अलसुबह कोहरे के चलते ट्रेनों और बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ। राज्य मौसम केंद्र के निदेशक आनंद शर्मा के मुताबिक शनिवार व रविवार को आकाश में छिटपुट बादल रहेंगे। संबंधित पेज 5 ▸▸

**मौसम**
- शनिवार को आकाश में छाए रहेंगे बादल, छींटे भी संभव

# राठौर के मददगार भी नपेंगे

## पूर्व डीजीपी को छह दिन की राहत; सीबीआई चला सकती है मामला

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** रुचिका गिरहोत्रा से छेड़खानी मामले में पूर्व डीजीपी एसपीएस राठौर के साथ ही उसके मददगारों पर कानूनी शिकंजा कसने की तैयारी हो रही है। केंद्र ने इस बात के संकेत दिए हैं कि रुचिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले को सीबीआई अपने हाथ में लेकर राठौर पर मामला चला सकती है। गृह मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक रुचिका के भाई आशु को उत्पीड़ित करने और उसे गैरकानूनी ढंग से हिरासत में रखने में शामिल पुलिसकर्मियों पर भी जांच केंद्रित होगी। इस बीच, शुक्रवार को राठौर को स्थानीय अदालत ने 7 जनवरी तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसपी सिंह ने राठौर की पत्नी और वकील आभा राठौर की दलील सुनने के बाद अंतरिम जमानत का आदेश दिया। राठौर के खिलाफ रुचिका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेराफेरी करने और आशु की हत्या की कोशिश से संबंधित एफआईआर दर्ज कराई गई है। न्यायाधीश ने राज्य को नोटिस भी जारी किया जिसका जवाब 6 जनवरी को देने के लिए कहा है। साथ ही न्यायाधीश ने राठौर से कहा कि अदालत की अनुमति के बिना वह देश से बाहर नहीं जाए। अपने तीन पन्नों के आदेश में अदालत ने राठौर से कहा कि दोनों मामलों की जांच-पड़ताल के सिलसिले में पुलिस यदि उससे सहयोग मांगे तो वह इसके लिए उपलब्ध रहे और इस मामले से संबंधित किसी भी व्यक्ति को न धमकाए। गिरहोत्रा के वकील पंकज भारद्वाज ने कहा, वह सात जनवरी को झूठ का नकाब उतारने में सफल होंगे। अब तक हमें मामले में पक्ष रखने का मौका नहीं मिला है। उन्होंने कहा, अगली सुनवाई के दौरान हम राठौर को अग्रिम जमानत देने का विरोध करेंगे। **ब्यूरो/एजेंसी**



**आरोप**
राठौर की वकील पत्नी आभा राठौर ने कोर्ट में कहा कि रुचिका के पिता सुभाष गिरहोत्रा ने वीणा नाम की महिला से दूसरी शादी की थी और वीणा के व्यवहार से परेशान होकर ही रुचिका ने खुदकुशी की।

**जवाब**
गिरहोत्रा के वकील ने कहा कि आभा राठौर मैरिज सर्टिफिकेट दिखाएं। आराधना के पिता ने कहा कि वीणा आशु और रुचिका की देखभाल करती थी लेकिन सुभाष गिरहोत्रा ने उससे शादी नहीं की।

### यौन उत्पीड़न में दो माह में आ जाएगा फैसला

**नई दिल्ली।** उभरती टेनिस खिलाड़ी रुचिका गिरहोत्रा छेड़छाड़ मामला सामने आने के बाद लगता है केंद्र सरकार नींद से जाग गई है। अब बलात्कार समेत सभी तरह के यौन उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई जहां तक संभव हो दो महीने के भीतर पूरी कर ली जाएगी। सबसे खास बात है कि अब पीड़ित पक्ष को अदालत के आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार होगा। इसके लिए सीआरपीसी में संशोधन किया गया है।

पिछले साल 31 दिसंबर को संबंधित संशोधन को लागू कर दिया गया। सरकार ने सीआरपीसी में संशोधन कर शिकायतकर्ताओं को बड़ी राहत दी है क्योंकि अभी तक केवल राज्य ही निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकता था। अब पीड़ितों को अभियोजन में मदद के लिए वकील रखने की अनुमति होगी। बलात्कार पीड़ित महिला का बयान उसके घर में दर्ज किया जाएगा और कोई महिला पुलिस अधिकारी ही पीड़ित के माता-पिता या अभिभावक या सामाजिक कार्यकर्ता की मौजूदगी में बयान दर्ज करेगी। **एजेंसी**

**उम्मीद**
पीड़ित पक्ष को अपील करने का अधिकार

# डिप्टी जीएम का लैपटॉप जब्त

## सीएम की फर्जी ई-मेल से योजनाओं की जानकारी मांगी गई थी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री की ई-मेल तैयार कर ऊर्जा निगम की प्रमुख योजनाओं की जानकारी के लिए निगम के ही एक डिप्टी जनरल मैनेजर के टेलीफोन नंबर का इस्तेमाल किया गया था। इसका खुलासा करते हुए शुक्रवार की शाम पुलिस ने डिप्टी जीएम विनय गुप्ता के घर छापा मारकर उसका लैपटॉप, कंप्यूटर और सीपीयू जब्त कर लिया। उधर, डीजीएम गुप्ता कहना है कि उनके नंबर का किसी और ने इस्तेमाल कर मेल भेजी होगी।

पुलिस की टीम शाम को ऊर्जा निगम पहुंची। वहां डिप्टी जीएम गुप्ता को पुलिस ने बताया कि बीते दिनों निगम अधिकारियों के पास जो सीएम के नाम से जो मेल पहुंच रही थी, वह उनके नाम के कनेक्शन से भेजे जाने का पता चला है। पुलिस का कहना था कि उनका लैपटॉप, कंप्यूटर और सीपीयू जब्त कर जांच की जाएगी। इसके बाद उन्हें साथ लेकर पुलिस टीम वसंत विहार स्थित उनके घर पहुंची। वहां उनके लैपटॉप, कंप्यूटर, पीसीयू को जब्त कर लिया गया।

पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों पूर्व ऊर्जा निगम के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के नाम से ई-मेल भेजी जा रही थी। सीएम के नाम से मिलने वाली ई-मेल को लेकर किसी की भी हिम्मत नहीं हुई कि जानकारी न दे और अधिकारी कई दिन तक सभी महत्वपूर्ण जानकारियां ई-मेल के जरिए देते रहे। बाद में एक-दो अधिकारियों के बीच बातचीत होने पर मामले का खुलासा हुआ।

पता चला कि सभी अफसरों के पास ऐसी ई-मेल आ रही हैं। इस पर शक होने पर सभी ने और जानकारी देना रोक दिया और शासन से इस बारे में पता किया। वहां से मालूम चलते ही सभी के होश उड़ गए, क्योंकि मुख्यमंत्री कार्यालय से ऐसी जानकारी नहीं मांगी जा रही थी। मेल किसी ने फर्जी बनाई थी। इसके बाद आईटी एक्ट के तहत इस मामले में अज्ञात के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई थी।

**ऊर्जा निगम**
जांच के लिए पुलिस चंडीगढ़ भेजेगी, डीजीएम ने कहा, किसी और ने भेजी ई-मेल

### डॉक्टरों के 'तोहफे' लेने पर कसी लगाम

**नई दिल्ली।** डॉक्टरों के लिए खास दवाओं को बढ़ावा देना अब आसान नहीं रहेगा। वह दवा के असर को लेकर होने वाले निजी अध्ययनों में भी शामिल नहीं हो सकेंगे। चिकित्सा पेशेवरों के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) ने नई आचार संहिता बनाई है। इसमें डॉक्टरों को फार्मा कंपनियों से किसी भी तरह की सेवाएं नहीं लेने की हिदायत दी गई है।

एमसीआई ने आचार संहिता (शिष्टाचार और आचारनीति) अधिनियम-2002 में संशोधन कर एक नई आचार संहिता बनाई है, जिसके तहत कोई भी डॉक्टर दवा बनाने वाली कंपनियों या स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े उद्योगों से किसी भी तरह का तोहफा या यात्रा सुविधाएं हासिल नहीं कर सकेगा।

## वसूली के रुपये ले जा रहे वनकर्मियों को लूटा

**विकासनगर।** हथियारबंद बदमाशों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े वन विभाग के कर्मचारियों से करीब चार लाख 89 हजार रुपये लूट लिए। बदमाशों ने तमंचे के बट से कर्मचारियों को घायल कर दिया। बाइक के टायर पर भी गोली चलाई गई। वनकर्मी कुल्हाल वन चौकी चेकपोस्ट से राजस्व वसूली के रुपये लेकर बाइक से तिमली वनक्षेत्र कार्यालय में जमा कराने जा रहे थे।

कुल्हाल वन चौकी चेकपोस्ट पर रेत-बजरी लोड कर हिमाचल से उत्तराखंड आने वाले ट्रकों से राजस्व वसूली की जाती है। वसूली के रुपये प्रत्येक माह के 01, 09 और 19 तारीख को रेंज कार्यालय तिमली में जमा कराए जाते हैं। वन दारोगा रूपचंद रमोला और दैनिक वनकर्मी बलवीर अपनी बाइक से चार लाख 89 हजार चेकपोस्ट से लेकर जमा कराने तिमली वन क्षेत्र दफ्तर जा रहे थे। शिमला बाइपास से जा रहे वन कर्मचारियों को पीछे से आ रहे 3 बाइकसवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया और उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया। बदमाशों ने तमंचे के बट से दोनों वनकर्मियों की पिटाई भी की। वन दारोगा रूपचंद का दांत तोड़ दिया। संबंधित पेज 10 ▸▸

**वारदात**
पौने पांच लाख रुपये तिमली कार्यालय में जमा कराने जा रहे थे

### हाथी के धक्के से कार खाई में गिरी

**ऋषिकेश।** नीलकंठ-बैराज मोटर मार्ग पर हाथी ने एक कार को पलट दिया, जिससे कार खाई में जा गिरी। उसमें सवार तीन लोगों को चोटें आई हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया गया।

देर शाम दून के देवेश वाजपेयी परिजनों के साथ ट्वेरा कार से लौट रहे थे। उनके आगे एक और कार थी, जो स्वर्गाश्रम के पास मोड़ क्रास कर आगे निकल गई। इतने में किनारे खड़े जंगली हाथी ने पास से आ रही ट्वेरा कार को पैर से धक्का देकर खाई में धकेल दिया। घटना बैराज से सात किमी पहले की है। हादसे में देवेश, आलोक व उनका आठ साल का बेटा हार्दिक घायल हो गया। कार में दस लोग सवार थे।

हादसों में चार की मौत पेज 5 ▸▸





